रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06112026-277761
CG-DL-E-06112026-277761

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5857] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 6, 2026/कार्तिक 15, 1948
No. 5857] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 6, 2026/KARTIKA 15, 1948

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 नवम्बर, 2026

का.आ. 6090(अ).— केंद्रीय सरकार, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (1966 का 31) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र में पंजाब कारागार और सुधारात्मक सेवाएं अधिनियम, 2026 (2026 का पंजाब अधिनियम संख्यांक 9) जो इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को पंजाब राज्य में प्रवृत्त था, को निम्नलिखित उपांतरणों के अधीन रहते हुए, विस्तारित करती है, अर्थात्:—

उपांतरण

1. पंजाब कारागार और सुधारात्मक सेवाएं अधिनियम, 2026 में, जैसा कि चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र पर विस्तारित है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है),—

(क) "पंजाब राज्य" शब्द जहां कहीं आते हैं, के स्थान पर "चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) "राज्य सरकार" शब्द जहां कहीं आते हैं, के स्थान पर "सरकार" शब्द रखा जाएगा।

2. उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (1) में, "सेवाएं अधिनियम, 2026" शब्दों और अंकों के पश्चात् "चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र पर यथा विस्तारित" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे।

3. उक्त अधिनियम की धारा 2 में,—

(क) खंड (9) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(9) 'विभाग' से चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र का कारागार और सुधारात्मक प्रशासन विभाग अभिप्रेत है;";

(ख) खंड (14) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(14) 'सरकार' से संविधान के अनुच्छेद 239 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र का प्रशासक अभिप्रेत है;";

(ग) खंड (15) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(15) 'अभ्यस्त अपराधी' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे पांच वर्ष की किसी निरंतर अवधि के दौरान, दो से अधिक अवसरों पर, भिन्न भिन्न अवसरों पर किए गए ऐसे अपराधों के लिए, और जो एक ही संव्यवहार का भाग नहीं हैं, दोषसिद्ध किया गया है और ऐसे अपराधों के लिए कारावास का दंडादेश दिया गया है, जहां ऐसी दोषसिद्धियां या दंडादेश अपील या पुनरीक्षण में अपास्त नहीं किए गए हैं:

परंतु कि उक्त पांच वर्ष की निरंतर अवधि की गणना करने में, कारावास के दंडादेश या निरोध के अधीन कारागार में बिताई गई किसी अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा;";

(घ) खंड (16) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(16) 'विभागाध्यक्ष' से महानिरीक्षक कारागार, चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र या ऐसा अन्य अधिकारी अभिप्रेत है, जिसे सरकार समय-समय पर अधिसूचित करे;";

(ङ) खंड (33) के स्थान पर, निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात्:—

"(33) 'राज्य' से चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र अभिप्रेत है;"।

4. उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (6) में, निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"परंतु 'उड़ान-निषिद्ध क्षेत्र' के भीतर किसी हवाई वस्तु का प्रचालन केवल ऐसी अनुमति के साथ किया जा सकेगा, जो विधि शासित नागर विमानन के अधीन सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित हों और विभाग का पूर्व अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया गया हो।"।

5. उक्त अधिनियम की धारा 21 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात्:—

"21. बंदी का अन्य राज्य या संघ राज्यक्षेत्र को स्थानांतरण

"(1) जहां कोई बंदी चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र के किसी कारागार में कारावास या मृत्युदंड के दंडादेश के अधीन, या जुर्माने का संदाय न करने या परिशांति बनाए रखने या सदाचार बनाए रखने के लिए प्रतिभूति देने में व्यतिक्रम के कारण परिरुद्ध है, वहां सरकार, संबद्ध अन्य राज्य या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार की सहमति से, आदेश द्वारा, ऐसे बंदी का उस राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के किसी कारागार में स्थानांतरण करने या उस राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के किसी कारागार से किसी बंदी का चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र के किसी कारागार में स्थानांतरण करने का उपबंध कर सकेगी।

(2) चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र की सुरक्षा के हित में, विधि और व्यवस्था बनाए रखने या लोकहित में, किसी विचारणाधीन बंदी का चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र से किसी अन्य राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में स्थानांतरण, संबद्ध सरकारों की सहमति से तथा उस न्यायालय के अनुमोदन से, जिसके समक्ष विचारण लंबित है, किया जा सकेगा।"।

6. उक्त अधिनियम की धारा 80 में, "पंजाब लोक प्रापण में पारदर्शिता अधिनियम, 2019 (2019 का पंजाब अधिनियम संख्यांक 12)" शब्दों, अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर "साधारण वित्तीय नियम, 2017" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

7. उक्त अधिनियम की धारा 85 की उपधारा (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात्:—

"(5) कारागार कर्मियों को दिव्यांग बंदियों के अधिकारों और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने तथा ऐसे बंदियों को समुचित देखभाल और सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा।"।

[फा. सं. यू-11015/2/2026-यूटीएल]

पी. मनोज कुमार, संयुक्त सचिव

उपाबंध

पंजाब सरकार राजपत्र (अतिरिक्त), 21 मई, 2026
(वैशाख 31, 1948 शक)

भाग-I

पंजाब सरकार

विधिक एवं विधायी कार्य विभाग, पंजाब

अधिसूचना

21 मई, 2026

क्रमांक 10-विधि./2026.- पंजाब राज्य के विधानमंडल द्वारा पारित निम्नलिखित अधिनियम को पंजाब के राज्यपाल की 15 मई, 2026 को स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसे सामान्य जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है:-

पंजाब कारागार और सुधारात्मक सेवाएँ अधिनियम, 2026

(पंजाब अधिनियम संख्यांक 2026 का 9)

कारागार अभिरक्षा में सिपुर्द किये जाने वाले बंदियों का निरोध करने तथा उनके सुधार और पुनर्वास के लिए, सुरक्षित निरोध सुनिश्चित करने और व्यष्टिक गरिमा के सिद्धांतों से संगत बंदियों के बर्ताव के न्यूनतम मानकों को बनाए रखने की दृष्टि से तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियम।

भारत गणराज्य के सतहत्तरवें वर्ष में पंजाब राज्य के विधानमंडल द्वारा इसे निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:-

अध्याय-1
प्रारंभिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम पंजाब कारागार और सुधारात्मक सेवाएँ अधिनियम, 2026 है।
(2) यह संपूर्ण पंजाब राज्य में विस्तारित होगा।
(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जिसे सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे, और विभिन्न उपबंधों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकती हैं, तथा ऐसे किसी उपबंध में इस अधिनियम के प्रारंभ के किसी निर्देश का अर्थ उस उपबंध के प्रवृत होने के निर्देश के रूप में लगाया जाएगा।

परिभाषाएं

2. इस अधिनियम में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो.-

(1) "पश्चातवर्ती देखरेख" से छोड़े गये बंदियों के वित्तीय पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा में सामाजिक एकीकरण के उद्देश्य से किया गया कोई क्रियाकलाप अभिप्रेत है;

(2) "सिविल बंदी" से, कोई बंदी जो आपराधिक बंदी नहीं है,अभिप्रेत है।

(3) "सक्षम प्राधिकारी" से, प्रश्नगत किसी विशिष्ट विषय से निपटने के लिए अधिकारिता प्राप्त और सम्यक प्राधिकार वाला कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(4) "दोषसिद्ध" से कोई ऐसा बंदी अभिप्रेत है जिसे किसी न्यायालय या अधिकरण या सेना न्यायालय द्वारा किसी अवधि के लिए सजा सुनाई गई हो;

(5) "सुधारात्मक सेवा" से कोई भी ऐसी सेवा अभिप्रेत है, जो इस अधिनियम के अनुसार उपबंधित की जाती है, और इसके अंतर्गत बंदियों के निर्धारण, पर्यवेक्षण, उपचार, प्रशिक्षण, नियंत्रण, अभिरक्षा, सुधार या पुनर्वास से संबंधित सेवाएं भी आती हैं;

(6) "आपराधिक बंदी" से, दाण्डिक अधिकारिता का प्रयोग करने वाले किसी न्यायालय या सेना न्यायालय के रिट, वारंट या आदेशों के अधीन सम्यक रूप से हिरासत में लिया गया कोई बंदी अभिप्रेत है और उसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (केंद्रीय अधिनियम संख्याक 2023 का 46) के अध्याय 9 और बंदी अधिनियम, 1900 (केंद्रीय अधिनियम संख्याक 1900 का 3) के उपबंधों के अधीन कारागार में बंद व्यक्ति शामिल है;

(7) "न्यायालय" के अंतर्गत विधिपूर्वक सिविल, दाण्डिक या राजस्व अधिकारिता का प्रयोग करने वाला कोई अधिकारी आता है:

(8) "निरुद्ध बन्दी" से अभिप्रेत है, निवारक निरोध का उपबंध करने वाली सुसंगत विधियों के अधीन किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेश पर कारागार में निरूद्ध कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(9) "विभाग" से, कारागार और सुधारात्मक सेवा विभाग, पंजाब अभिप्रेत है;

(10) "निदेशालय" से, पंजाब राज्य कारागार और सुधार सेवा निदेशालय अभिप्रेत है;

(11) "परिवार" से, पति/पत्नी, बालक जिनमें विधिक रूप से गोद लिए गए बालक भी शामिल हैं, माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी/नाना-नानी और नाते /नाती-पोते/पोती अभिप्रेत है। इन सदस्यों की अनुपस्थिति में, इसके अंतर्गत बंदी के सास-ससुर, देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, ननद-नन्दोई, साला-साली, बच्चों के जीवनसाथी, माता-पिता के भाई-बहन भी आयेंगे। उभयलिंगि बंदियों के संदर्भ में, यदि कोई निकट संबंधी नहीं है, तो इसके अंतर्गत सामाजिक-धार्मिक पारिवारिक प्रणाली के माध्यम से संबंधित लोग भी आएंगे।

(12) "विदेशी बंदी" से, कोई ऐसा बंदी अभिप्रेत है, जो भारत का नागरिक न हो।

(13) "जराचिकित्सक बंदी" से ऐसा बंदी अभिप्रेत है, जिसकी आयु पैंसठ वर्ष या उससे अधिक है और जो चिकित्सकीय रूप से बिना सहायता के अपने दैनिक कार्यों का स्वतंत्र रूप से प्रबंधन करने में असमर्थ है;

(14) "सरकार" से, पंजाब राज्य सरकार, कारागार और सुधारात्मक सेवा विभाग अभिप्रेत है;

(15) "आभ्यासिक अपराधी" का वही अर्थ होगा जो पंजाब आभ्यासिक अपराधी (नियंत्रण और सुधार) अधिनियम, 1952 (पंजाब अधिनियम संख्याक 1952 का 12) में उसे दिया गया है;

(16) "विभाग प्रमुख" से, महानिदेशक, कारागार और सुधार सेवाएँ, पंजाब या ऐसे अन्य अधिकारी अभिप्रेत है, जैसा सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाए;

(17) "उच्च जोखिम वाले बंदी" से, ऐसा बंदी अभिप्रेत है, जिसमें हिंसा, भागने, आत्महानि, अव्यवस्थित व्यवहार की उच्च प्रवृत्ति हो और जो कारागार में अशांति पैदा करने और सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने की संभावना रखता हो। इसमें वे व्यक्ति भी शामिल होंगे जो समय-समय पर आत्महत्या की प्रवृत्ति से पीड़ित होते हैं और मादक पदार्थों से संबंधित और व्यसनी विकारों से ग्रसित होते हैं तथा संगठित अपराध में संलग्न व्यक्ति, प्रमुख मादक पदार्थों के तस्कर और स्मगलर, हिंसक या धार्मिक कट्टरपंथी, नक्सली, चरमपंथी, भाड़े के हत्यारे, संविदा हत्यारे, डकैत, सीरियल किलर, हिंसक बलात्कार की घटनाओं में शामिल अपराधी, हिंसक डकैती, सांप्रदायिक कट्टरपंथी, कारागार से भागने की प्रवृत्ति वाले बंदी, कारागार के अंदर संगठित प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी में शामिल बंदी, पुलिस या कारागार कार्मिकों पर हमले में शामिल अपराधी, और आतंकवादी क्रियाकलापों में शामिल व्यक्ति या अन्य बंदियों के लिए कोई अभिज्ञेय खतरा; या कोई भी बंदी जिसके जीवन को विनिर्दिष्ट, पहचान योग्य खतरा हो;

(18) "वृत्त पत्रक" से, भौतिक या इलेक्ट्रानिक प्ररूप में पत्रक अभिप्रेत है, जिसमें किसी बन्दी के संबंध में समस्त सुसंगत जानकारी प्रदर्शित हो;

(19) "नजरबंद " से एक विदेशी बंदी, जिसने अपनी सजा पूरी कर ली है और अपने देश निर्वासन का इंतज़ार कर रहा है, अभिप्रेत है;

(20) "मजिस्ट्रेट" से, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अधीन मजिस्ट्रेट की सभी या किन्ही शक्तियों का प्रयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति अभिप्रेत है;
(21) "चिकित्सा अधिकारी" से, किसी कारागार के चिकित्सा अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त अर्हित सरकारी चिकित्सा व्यवसायी अभिप्रेत है;
(22) "चिकित्सा अधीनस्थ कर्मचारीवृंद" के अंतर्गत एक अर्हित चिकित्सा सहायक, जैसे फार्मासिस्ट, नर्स, प्रयोगशाला तकनीशियन, परामर्शदाता या मनोचिकित्सक आता है;
(23) "माप" के अंतर्गत भौतिक, जैविक, चिकित्सा और बायोमेट्रिक नमूने और उनका विश्लेषण आता है, किंतु उंगलियों के निशान, हथेली के निशान, पैरों के निशान, फोटोग्राफी, आईरिस स्कैन, शरीर के तरल पदार्थ के नमूने तक सीमित नहीं है; और व्यवहार संबंधी विशेषताएं जिनमें हस्ताक्षर, लिखावट, आवाज का नमूना लेना या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 51 या 52 में निर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षण शामिल है;
(24) "अपराध" से, किसी भी ऐसे कार्य या चूक से है जिसे किसी विधि द्वारा या इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों के अधीन दंडनीय बनाया गया हो अभिप्रेत है, जो उस समय लागू हो;

(25) "प्रभारी अधिकारी" से, सरकार द्वारा किसी कारागार के प्रभारी के रूप में नियुक्त कारागार अधिकारी अभिप्रेत है, अर्थात् अधीक्षक या उप अधीक्षक या प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अधिकारी या विभाग का ऐसा अन्य अधिकारी, जैसा विहित किया जा सके;
(26) "विहित" से, इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;
(27) "कारागार और सुधार संस्था" से, सरकार के साधारण या विशेष आदेशों के अधीन स्थायी या अस्थायी रूप से व्यक्तियों को निरोध करने के लिए उपयोग किए जाने वाले कोई भी स्थान अभिप्रेत है, जिसमें विचारणाधीन बंदी, नजरबंद बंदी, दोषसिद्ध बंदी, दीवानी बंदी या न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित कोई अन्य व्यक्ति शामिल हैं, और दोषसिद्ध व्यक्तियों की देखभाल एवं पुनर्वास के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है, और इसमें उससे जुड़ी सभी भूमि और भवन शामिल हैं, किंतु इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं हैं: -

(क) बंदियों को रखने का कोई स्थान, जो अनन्य रूप से पुलिस की हिरासत में हों;
(ख) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 457 के अधीन सरकार द्वारा विशेष रूप से नियुक्त कोई भी स्थान;
(ग) किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (केंद्रीय अधिनियम संख्याक 2016 का 2) के अधीन स्थापित कोई भी अवलोकन गृह, विशेष गृह, बाल गृह, आश्रय गृह, सुरक्षा स्थल और राज्य सरकार द्वारा स्थापित महिलाओं के लिए सुरक्षा गृह;

(28) "बंदी" से, किसी सक्षम प्राधिकारी के आदेश, रिट या वारंट के अधीन परिरुद्ध किया कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;
(29) "कारागार अधिकारी" से, सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है तथा इसके अंतर्गत प्रभारी अधिकारी और किसी अन्य सुरक्षा बल या किसी अन्य सेवा के अधिकारी शामिल हैं जिन्हें बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए कारागार प्रशासन की सहायता करने और बंदियों को सुधारात्मक सेवाएं प्रदान करने के लिए कारागार में तैनात किया जाता है;
(30) "कारागार कर्मचारीवृंद" से, निदेशालय या सरकार द्वारा नियुक्त कर्मचारी अभिप्रेत है, जो कारागार अधिकारी से भिन्न, कारागार प्रशासन से संबंधित शक्तियों का प्रयोग करता है या कर्तव्यों या कार्यों का निष्पादन करता है या जैसा कि सरकार द्वारा सौंपा जा सकता है;
(31) " प्रतिषिद्ध वस्तु" से, ऐसी वस्तु अभिप्रेत है, जिसका किसी कारागार में प्रवेश या निष्कासन इस अधिनियम या इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए नियमों या किसी अन्य विधि या सरकार द्वारा जारी किसी अधिसूचना द्वारा प्रतिषिद्ध है;
(32) "अपराध व्यसनी" से, ऐसा अपराधी अभिप्रेत है जिसने पहले अपराध के बाद दूसरा अपराध किया हो;

(33) "राज्य" से, पंजाब राज्य अभिप्रेत है;

(34) "विचारणाधीन बंदी" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो दोषसिद्ध नहीं है और जिसे पुलिस द्वारा जांच या सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा विचारण की प्रतीक्षा में न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है;

(35) "आगंतुक" से, कोई बंदी, कारागार अधिकारी या कारागार कर्मचारीवृंद से भिन्न कोई अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे सरकार या ऐसे सम्यक रूप से सशक्त प्राधिकारियों द्वारा कारागार में जाने की अनुमति दी गई हो;

(36) "वायरलेस संचार युक्ति" के अंतर्गत मोबाइल फोन, ड्रोन, वाई-फाई युक्ति, कंप्यूटर, लैपटॉप, पामटॉप, टैबलेट, घड़ियाँ, सैटेलाइट फोन, पोर्टेबल रेडियो और संचार के लिए उनका उपयोग भी आता है, जैसे मौखिक, गैर-मौखिक, इंटरनेट, जनरल पैकेट रेडियो सेवा या ऐसी कोई भी युक्ति जो समान प्रयोजन के लिए उपलब्ध हो या सरकार द्वारा वायरलेस संचार युक्ति के रूप में सम्यक्तः अधिसूचित कोई भी मद; और

(37) "युवा अपराधी" से, वह बंदी अभिप्रेत है से है जिसने अठारह वर्ष की आयु अभिप्राप्त कर ली है और इक्कीस वर्ष की आयु अभिप्राप्त नहीं की है।

अध्याय-2
कारागारों और सुधार गृहों के कृत्य

कारागारों और सुधार गृहों के कृत्य

3. कारागारों और सुधार गृहों के कृत्य निम्नलिखित होंगे, अर्थात्:-

(i) बंदियों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए ;

(ii) बंदियों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए उपयुक्त उपाय करना;

(iii) बंदियों को भोजन, वस्त्र, आवास, अन्य आवश्यक वस्तुएँ और चिकित्सा उपचार प्रदान करना;

(iv) बंदियों को विधि का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में समाज में पुनर्वासित करने के उद्देश्य से उन्हें सुधारात्मक सेवाएं प्रदान करना;

(v) इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार कारागार में अनुशासन बनाए रखना;

(vi) उपाय अंगीकार करना,-

(क) कठोर कारावास की सजा पाए बंदियों को श्रम में लगाना;

(ख) बंदियों को व्यवसाय-उन्मुख श्रम में लगाना, और

(ग) बंदियों को खाना पकाने, स्वच्छता सेवाओं, बागवानी या किसी अन्य काम जैसे क्रियाकलापों में रोस्टर के आधार पर लगाना; और

(vii) बंदियों को ऐसी अन्य सुविधाएं और सुख सुविधाएँ प्रदान करना, जैसा कि विहित किया जाएगा।

अध्याय 3
कारागार वास सुविधा

बंदियों के लिए वास सुविधा ।

4. सरकार, पंजाब राज्य में बंदियों को रखने के लिए पर्याप्त संख्या में कारागार और सुधार संस्थाएं का उपबंध कराएगी, जिनका निर्माण और रखरखाव ऐसी रीति में किया जाएगा कि वे इस अधिनियम की उपेक्षाओं का अनुपालन करें।

कारागारों और सुधार गृहों की श्रेणियाँ।

5. (1) सरकार विभिन्न प्रवर्गों के कारागार और सुधार संस्थाएं स्थापित कर सकती है, जैसे कि,-

(क) केंद्रीय कारागार;

(ख) जिला कारागार;

(ग) उप-कारागार;

(घ) खुली सुधार संस्थाएं और अर्ध-खुली सुधार संस्थाएं;

(ड़) उच्च सुरक्षा वाले कारागार;

(च) अनन्य रूप से महिला कारागार;

(छ) युवा अपराधियों के लिए संस्था।

(2) सरकार किसी भी प्रवर्ग के कारागारों और सुधार संस्थाओं की संख्या और उनके स्थापित किए जाने वाले स्थान का अवधारण कर सकती है।

(3) सरकार प्रत्येक केंद्रीय और जिला कारागार में उच्च जोखिम वाले बंदियों और आभ्यासिक अपराधियों के लिए, एक पृथक वार्ड या क्षेत्र स्थापित कर सकती है, जहाँ उन्हें अन्य बंदियों के साथ मेलजोल से दूर अलग-अलग प्रकोष्ठों में रखा जा सके, ताकि अन्य बंदियों को उनके नकारात्मक प्रभाव और कट्टरपंथी विचारधारा से बचाया जा सके। जहाँ भी अलग से उच्च सुरक्षा क्षेत्र की व्यवस्था न हो, वहाँ उच्च जोखिम वाले बंदियों और आभ्यासिक अपराधियों को कारागार की पृथक बैरकों या प्रकोष्ठों में अलग रखा जाएगा, जिससे कि उन्हें अन्य बंदियों के साथ मेलजोल से दूर रखने की व्यवस्था होगी।

(4) बंदियों को सुरक्षित और संरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए उपधारा (3) में यथा निर्दिष्ट ऐसी पृथक वास-सुविधा का समुचित, उन्नत, वास्तुकला, डिजाइन और संस्थागत स्वरूप होगा, जैसा विहित किया जाये।

(5) सभी केंद्रीय और जिला कारागारों में उच्च सुरक्षा क्षेत्र के लिए उपयुक्त और उन्नत सुरक्षा अवसंरचना तथा प्रक्रियाएं मौजूद होंगी।

(6) उच्च सुरक्षा कारागार, एक स्वतंत्र आत्मनिर्भर कारागार परिसर होगा जिसमें गतिशील और सुदृढ़ सुरक्षा प्रणालियाँ होंगी जिसमें एक स्वतंत्र न्यायालय परिसर तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का उपबंध होगा, जिसमें दोषसिद्ध और विचारणाधीन बंदियों को रखा जाएगा, जिन्हें उच्च सुरक्षा अभिरक्षा क्षेत्र में रखने की आवश्यकता है।

कारागार वास्तुकला तथा संस्थागत स्वरूप।

6. (1) किसी कारागार, भूभाग, वायु क्षेत्र, प्रकोष्ठों, बैरकों, स्नानघरों, रसोई, कार्यशालाओं, अस्पतालों या किसी अन्य भवन के निर्माण का संवातन ऐसे मानकों और उपेक्षाओं के अनुरूप होगा, जैसा विहित किया जाए।

(2) प्रत्येक कारागार के लिए सुरक्षा मानक ऐसे होंगे, जैसे विहित किए जाएं।

(3) कारागारों का डिजाइन ऐसी रीति में किया जाएगा, जिससे विचारणाधीन बंदियों , दोषसिद्ध बंदियों , उच्च जोखिम वाले बंदियों , आभ्यासिक अपराधियों, अपराधव्यसनी अपराधियों, युवा अपराधियों, नागरिक बंदियों , नजरबंद बंदियों जैसे विभिन्न प्रवर्गों के बंदियों के लिए, जहाँ तक संभव हो, पृथक्करण और अलग-अलग आवास की सुविधा प्रदान की जा सके और महिलाओं, उभयलिंगियो, विकलांग व्यक्तियों, संक्रामक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों, मानसिक बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों, मादक द्रव्यों के सेवन से पीड़ित व्यक्तियों, वृद्ध बंदियों और किसी अन्य प्रवर्ग जैसे कमजोर समूहों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके, जैसा विहित किया जाए ।

(4) कारागारों और सुधार संस्थानों की स्थापना में कार्यात्मक अपेक्षाओं के अनुसार कारागार अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के लिए आवास और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी।

बंदियों के लिए अस्थायी वास सुविधा।

7. जब भी सरकार को ऐसा प्रतीत हो कि,-

(i) किसी कारागार में बंदियों की संख्या उसकी सुविधापूर्वक या सुरक्षित रूप से रखी जा सकने वाली संख्या से अधिक है, और अतिरिक्त बंदियों को किसी अन्य कारागार में स्थानांतरित करना सुविधाजनक नहीं है, या

(ii) जब भी किसी कारागार में किसी बीमारी के प्रकोप के कारण, या किसी अन्य कारण से, बंदियों के लिए अस्थायी आश्रय और सुरक्षित अभिरक्षा की व्यवस्था करना वांछनीय हो, सरकार द्वारा निदेश दी गई रीति में, उन बंदियों के आश्रय और सुरक्षित अभिरक्षा के लिए अस्थायी कारागारों की उचित व्यवस्था की जा सकती है, जिन्हें कारागार में सुविधाजनक या सुरक्षित रूप से नहीं रखा जा सकता है।

अध्याय 4
संगठनात्मक व्यवस्था

कारागार और सुधार सेवा निदेशालय।

8. (1) पंजाब राज्य में कारागार और सुधार सेवा निदेशालय होगा, जो सरकार द्वारा अधिकथित कारागार नीतियों को कार्यान्वित करने के लिए उत्तरदायी होगा, और विभिन्न कारागारों एवं सुधार सेवाओं तथा उनसे संबंधित और आनुषंगिक मामलों की योजना, संगठन, निदेशन, समन्वय और नियंत्रण करेगा। निदेशालय में राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विहित संख्या में कारागार अधिकारी और कर्मचारी होंगे।

(2) संस्थागत ढांचा बंदियों को रखने की आवश्यकता और अपेक्षा, बंदी आबादी, कारागार अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यभार के अनुसार तय किया जाएगा और कार्यबल में कार्यकारी, मंत्रालीय, तकनीकी, विधिक, खुफिया, गार्डिंग स्टाफ, सुधार अधिकारी और चिकित्सा कार्मिक शामिल हो सकते हैं, जैसा विहित किया जाए।

कारागार और सुधार सेवाओं के प्रमुख।

9. (1) कारागार और सुधार सेवा निदेशालय के प्रशासन के लिए, सरकार कारागार और सुधार सेवा प्रमुख नियुक्त करेगी, जो विभाग प्रमुख होगा। वह राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर उसे विनिर्दिष्ट रूप से प्रदत्त प्रशासनिक, वित्तीय, अनुशासनात्मक शक्तियों और ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करेगा, जैसी विहित की जा सके।

(2) विभाग प्रमुख, इस अधिनियम के अधीन शक्तियों का प्रयोग करेगा तथा कर्तव्यों का पालन करेगा तथा अन्य कारागार अधिकारी और कारागार कर्मचारी विभाग प्रमुख के साधारण पर्यवेक्षण, नियंत्रण और निदेशन के अधीन कार्य करेंगे।

कारागार के अन्य अधिकारी।

10. (1) राज्य सरकार विभाग प्रमुख को ऐसे कर्तव्यों के निष्पादन में सहायता करने के लिए आवश्यक हो, जैसा विहित किया जाए, उतने कारागार अधिकारियों की नियुक्ति करेगी।

(2) किसी कारागार इकाई का साधारण प्रशासनिक नियंत्रण और प्रबंधन प्रभारी अधिकारी के पास निहित होगा तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीवृंद उसके निदेशन के अधीन ऐसे कर्तव्य और कृत्य करेंगे, जैसा विहित किया जाये।

भर्ती और प्रशिक्षण।

11. (1) कारागार अधिकारियों और कारागार कर्मचारीवृंदों की अहर्ताएं, भर्ती, नियुक्ति, सेवा की शर्तें और प्रशिक्षण ऐसे होंगे, जो विहित किए जाएं।

(2) कारागार अधिकारियों और कारागार कर्मचारीवृंदों के वेतन और अन्य फायदे ऐसे होंगे, जो विहित किये जाएँ।

(3) कारागार अधिकारी और कारागार कर्मचारीवृंदों के प्रत्येक सदस्य को बुनियादी प्रवेश प्रशिक्षण और आवधिक सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक और पेशेवर रूप से निभा सकें।

(4) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, विभाग प्रमुख, यदि वह उचित समझे, तो विभाग को कुशलतापूर्वक चलाने के लिए, विशेष और तकनीकी अभिकरणों या किसी वृतिक विशेषज्ञ, चाहे वह व्यक्ति हो या निकाय, की सेवाएं ऐसी शर्तों और नियमों पर किराए पर ले सकता है या रख सकता है, जैसा विहित किया जाये।

(5) यदि विभागीय अधिकारी कुछ पदों के लिए पात्र न हों या कतिपय रैंक के लिए उनकी कमी हो तथा विभाग के सुचारू और प्रभावी कृत्यशीलता के लिए, सरकार अन्य विभागों से स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा अधिकारियों या कर्मचारीवृंदों को प्रतिनियुक्त कर सकती है, जैसा वह उचित समझे।

अध्याय – 5
कारागार अधिकारियों और कर्मचारीवृंदों के कर्तव्य

प्रभारी अधिकारी के कार्य और कर्तव्य।

12. (1) इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, या विभाग प्रमुख के आदेशों और निदेशों के अधीन रहते हुए, प्रभारी अधिकारी कारागार प्रशासन से संबंधित सभी मामलों में कारागार का प्रबंधन करेगा।

(2) प्रभारी अधिकारी अपने अधीन कारागार और कारागार के सभी उपकरण और मशीनों के उचित रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा।

(3) प्रभारी अधिकारी अपने पास मौजूद सभी दस्तावेजों, अभिलेखों, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक रूपविधान में अभिलेख भी शामिल हैं, की सुरक्षित अभिरक्षा के लिए तथा बंदियों से लिए गए धन और अन्य वस्तुओं के लिए उत्तरदायी होगा तथा ऐसे अन्य कर्तव्यों का पालन करेगा और ऐसे अन्य कृत्यों का निर्वहन करेगा जैसा विहित किया जाये।

(4) प्रभारी अधिकारी, इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन उसे सौंपे गए अनुशासनात्मक शक्तियों का प्रयोग बंदियों के विनियमन, कारागार का अनुशासन बनाए रखने और कारागार के उचित प्रबंधन, जिसमें उच्च सुरक्षा वार्ड और जोन शामिल हैं, के लिए करेगा।

कारागार अस्पताल, चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारीवृंद।

13. (1) प्रत्येक कारागार में बीमार बंदियों के चिकित्सा देखभाल और उपचार के लिए एक अस्पताल या उचित स्थान होगा।

(2) कारागार की जनसंख्या के अनुरूप, पर्याप्त संख्या में चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधीनस्थ कर्मचारीवृंद होंगे।

कारागार अधिकारियों और कर्मचारीवृंदों के कर्तव्य।

14. सभी कारागार अधिकारी और कर्मचारीवृंद अपने कर्तव्यों का निर्वहन, उन कार्यों और जिम्मेदारियों के आधार पर करेंगे, जो विहित किये जाएं।

आवश्यक सेवाएं।

15. विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं, पूर्वी पंजाब आवश्यक सेवाएं (रखरखाव) अधिनियम, 1947 (पंजाब अधिनियम संख्याक 1947 का 13) के अधीन विनियमित की जाएंगी।

प्रभारी अधिकारी की अनुपस्थिति में उनकी शक्तियों का प्रयोग।

16. प्रभारी अधिकारी की अनुपस्थिति में, उसके सभी या कोई भी शाक्तियाँ एवं कर्तव्य ऐसे अन्य अधिकारी(यों) द्वारा प्रयोग और निष्पादित किए जाएंगे, जैसा विहित किया जाए।

कारागार अधिकारियों और कर्मचारीवृंदों का बंदियों के साथ कोई कारबार व्यौहार नहीं होना चाहिए और न ही कारागार की संविदाओं में उनकी कोई दिलचस्पी होनी चाहिए।

17. कोई भी कारागार अधिकारी या कर्मचारीवृंद किसी बंदी या बंदी के किसी रिश्तेदार या मित्र के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई कारबार व्यौहार नहीं करेगा, न ही वह किसी कारागार या सुधार गृह के साथ कोई कारबार व्यौहार करेगा, न ही कारागार को खाद्य सामग्री या किसी अन्य वस्तु की आपूर्ति के किसी संविदा में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई हित रखेगा, और न ही वह ऐसी किसी खाद्य सामग्री या वस्तु की बिक्री या खरीद से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई फायदा प्राप्त करेगा। वह सेवा के आचरण नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होगा, जैसा विहित किया जाये।

कर्मचारी वृंद कल्याण।

18. (1) विभाग प्रमुख, मुख्य कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में एक कर्मचारीवृंद कल्याण विंग की स्थापना करेगा, जो कारागार अधिकारियों और कर्मचारीवृंदों के लिए कल्याणकारी उपायों के कार्यान्वयन में सरकार की सहायता करेगा और उसे सलाह देगा।

(2) कारागार अधिकारियों और कारागार कर्मचारीवृंदों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए नियमों के अनुसार पुरस्कृत किया जा सकता है।

अध्याय-6
कारागार प्रशासन में प्रौद्योगिकी का उपयोग

कारागार प्रशासन में प्रोद्योगिकी का उपयोग।

19. (1) राज्य, कारागारों के प्रभावी प्रबंधन और अधीक्षण तथा कारागारों और बंदियों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी के एकीकरण और समावेशन को सुनिश्चित करेगा, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रौद्योगिकी, क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन निगरानी, जैमर, फुल बॉडी स्कैनर, एक्स-रे आधारित स्कैनर (बड़े और छोटे), बॉडी वियर कैमरे, वॉकी-टॉकी सेट, नॉन लीनियर जंक्शन डिटेक्टर, बायोमेट्रिक और आधार प्रमाणीकरण युक्तियाँ, रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान युक्तियाँ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं और कोई अन्य आधुनिक प्रौद्योगिकी शामिल हो सकती है।

(2) राज्य संपूर्ण कारागार प्रशासन का कम्प्यूटरीकरण करेगा और डाटाबेस को अंतरसंचालनीय दांडिक न्याय प्रणाली के साथ एकीकृत करेगा। राज्य सूचना के निर्बाध आदान-प्रदान के लिए उपयुक्त इंटरफेस भी विकसित करेगा और कारागार एवं बंदी प्रबंधन प्रणाली को सुगम बनाएगा।

(3) वायरलेस संचार युक्तियों के उपयोग और दुरुपयोग पर रोक लगाना। राज्य इसकी जाँच और जांच के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करेगा।

(4) विभाग का अनुसंधान विश्लेषण एवं खुफिया (आरएआई) विंग पंजाब राज्य की जेलों से संबंधित कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी एकत्र करेगा, उस पर कार्रवाई करेगा और उसे संसाधित करेगा। इसे सुचारू और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक खुफिया उपकरण, संसाधन और धन उपलब्ध कराया जाएगा।

(5) राज्य बंदियों पर अस्थायी रूप से रिहा किए गए बंदियों पर बंदी ट्रैकिंग उपकरणों का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक मोनिटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकता है।

(6) विभाग सक्षम प्राधिकारियों से किसी भी ऐसी हवाई वस्तु, जिनमें ड्रोन या उसके जैसे निगरानी करने वाली युक्ति शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, के लिए कारागार स्थापन को "नो-फ़्लाई ज़ोन" घोषित करने का आदेश प्राप्त करेगा, जिससे कारागार स्थापन की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस "नो-फ़्लाई ज़ोन" में कारागार परिसर का पूरा क्षेत्र और कारागार परिसर की बाहरी सीमा से 500 (पाँच सौ) मीटर के दायरे तक का क्षेत्र शामिल होगा।

अध्याय-7
बंदियों का प्रवेश, स्थानांतरण और छोड़ा जाना

बंदियों का दाखिला।

20. (1) प्रभारी अधिकारी, किसी न्यायालय या किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस अधिनियम के अधीन या अन्यथा, किसी बंदी को सम्यक रूप से अपनी अभिरक्षा में सौंपे जाने पर, उस बंदी को, किसी रिट, वारंट या आदेश की अत्यावश्यकता के अनुसार, जिसके द्वारा उसे कारागार में भेजा गया है, तब तक अपने पास रखेगा जब तक कि उसे सम्यक विधि से निर्मुक्त या हटाया न जाए।

(2) प्रभारी अधिकारी, ऐसे रिट, वारंट या आदेश के निष्पादन के पश्चात या उसके द्वारा हिरासत में लिए गए बंदी को रिहा करने के पश्चात, उसे सम्यक रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के साथ उस न्यायालय को लौटा देगा जिसने इसे जारी किया था, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि इसे कैसे निष्पादित किया गया है या इसके निष्पादन से पहले हिरासत में लिए गए बंदी को क्यों निर्मुक्त किया गया है।

(3) प्रभारी अधिकारी, किसी भी न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा तत्समय प्रवृत किसी विधि के उपबंधों के अधीन पारित या जारी किए गए किसी भी व्यक्ति के निरोध के लिए किसी भी सजा या आदेश या वारंट को प्रभावी करेगा।

(4) जहां प्रभारी अधिकारी को निष्पादन के लिए उसे भेजे गए वारंट या आदेश की वैधता पर संदेह हो, तो वह पुष्टि के लिए मामले को सम्बद्ध न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी को भेजेगा।

(5) उपरोक्त उपधारा (4) के अधीन निर्देश लंबित रहने तक, बंदी को ऐसी रीति में और ऐसे निर्बंधनों या छूटों के साथ निरोध किया जाएगा, जैसा कि वारंट या आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए।

(6) किसी भी व्यक्ति को विधिपूर्ण वारंट प्रस्तुत किए बिना या न्यायालय या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी को संबोधित किसी भी प्रतिबद्धता आदेश से अन्यथा अधीन निरोध के लिए कारागार में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

किसी बंदी का अन्य राज्य या संघ राज्यक्षेत्र में स्थानांतरण।

21. (1) यदि कोई बंदी पंजाब राज्य की किसी कारागार में कारावास की सजा या मृत्युदंड की सजा के अधीन या जुर्माना अदा न करने के व्यतिक्रम या शांति बनाए रखने या अच्छे व्यवहार का आश्वासन के लिए प्रतिभूति न देने के कारण परिरुद्ध है, तो सरकार, अन्य राज्य की सरकार की आपसी सहमति से, आदेश द्वारा उस बंदी को उस कारागार से पंजाब राज्य की किसी कारागार में स्थानांतरित करने या इसके विपरीत करने का उपबंध कर सकती है।

(2) राज्य की सुरक्षा, विधि और व्यवस्था बनाए रखने या जनहित के हित में, विचारणाधीन बंदियों को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए, उन दोनों राज्यों की सहमति आवश्यक होगी जहां विचारणाधीन बंदी वर्तमान में बंद हैं और उस दूसरे राज्य की भी जहां उन्हें स्थानांतरित किया जाना है, और इसके लिए निचली अदालत का अनुमोदन भी प्राप्त किया जाएगा।

बंदियों की कारागार में दाख़िल होने, बाहर जाने और दोबारा अंदर आने पर तलाशी और जाँच की जाएगी।

22. (1) जब भी किसी बंदी को कारागार में प्रवेश कराया जाता है, तो उसकी तलाशी ली जाएगी और सभी नकदी, आभूषण, हथियार और प्रतिषिद्ध वस्तुएं या कोई भी अन्य वस्तु जिसे बंदी अपने पास नहीं रख सकता है, उससे ले ली जाएगी और कारागार के प्रभारी अधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की सुरक्षित अभिरक्षा में रखी जाएगी।

परन्तु, कि महिला बंदी या उभयलिंगी बंदी की तलाशी उचित रीति में की जाएगी, जैसा विहित किया जाये।

(2) ऐसे प्रत्येक बंदी की जांच उसी दिन, किंतु चौबीस घंटे से अधिक समय के भीतर, चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाएगी, जो बंदी की स्वास्थ्य प्रास्थिति को, जिसमें वर्तमान या अतीत की कोई भी बीमारी शामिल है, अभिलेख में दर्ज करेगा।

(3) प्रत्येक बंदी जो कारागार से बाहर निकलता है या कारागार में फिर से प्रवेश करता है, उसे भी कारागार से बाहर निकलने या कारागार में प्रवेश करने पर प्रत्येक बार तलाशी और शारीरिक एवं बायोमेट्रिक पहचान से गुजरना होगा।

बंदियों की तलाशी।

23. प्रत्येक बंदी किसी भी समय किसी भी प्रतिषिद्ध वस्तु की तलाशी के लिए दायी होगा।

पहचान के प्रयोजन से बंदियों की माप लेना।

24. कोई भी व्यक्ति, जो -

(क) किसी ऐसे अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो जो तत्समय प्रवृत किसी विधि के अधीन दंडनीय हो; या

(ख) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 136 के अधीन उक्त संहिता की धारा 126 या 127 या 128 या 129 के अधीन कार्यवाही के लिए अच्छे आचरण या शांति बनाए रखने के लिए जमानत देने का आदेश दिया गया हो; या

(ग) किसी भी विधि के अधीन दंडनीय अपराध के संबंध में गिरफ्तार किया गया हो या किसी निवारक निरोध विधि के अधीन हिरासत में लिया गया हो, तो यदि आवश्यक हो, तो वह केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित तरीके से किसी कारागार अधिकारी द्वारा अपना माप लेने की अनुमति देगा।

आधार का उपयोग।

25. विभाग, आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षयित परिदान) अधिनियम, 2016 (केंद्रीय अधिनियम संख्या 2016 का 18) और उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी की गई अधिसूचनाओं के प्रावधानों के अनुसार, प्रवेश, स्थानांतरण, रिहाई या कारागार में हिरासत के दौरान स्वैच्छिक आधार पर आधार प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकेगा।

बंदी की चिकित्सा जांच की जाएगी।

26. प्रत्येक बंदी की चिकित्सकीय जांच चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाएगी, जिसमें बंदी की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति बताई जाएगी और तपेदिक, मानव प्रतिरक्षा कमी विषाणु, हेपेटाइटिस सी विषाणु, मादक द्रव्यों के सेवन विकार और ऐसी अन्य पुरानी बीमारियों सहित परीक्षण किए जाएंगे ताकि उसकी पिछली बीमारियों के बारे में पता चल सके और यह भी कि क्या वह किसी पुरानी स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित है।

बंदियों की वस्तुएं।

27. किसी बंदी की सभी मूल्यवान वस्तुएँ, जिनके संबंध में किसी सक्षम न्यायालय का कोई आदेश नहीं दिया गया है, और जिन्हें नियमों के अधीन किसी बंदी द्वारा कारागार में लाया जा सकता है या उसके उपयोग के लिए कारागार में भेजा जा सकता है, उन्हें इस संबंध में प्रभारी अधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की हिरासत में रखा जाएगा।

विदेशी बंदियों, जिनमें नज़रबंद लोग भी शामिल हैं का प्रवेश, स्थानांतरण और स्वदेश वापसी।

28. किसी विदेशी बंदी को कारागार में प्रवेश कराने की सूचना प्रभारी अधिकारी द्वारा तुरंत निदेशालय को भेजी जाएगी और उसे भारत सरकार के विदेश मंत्रालय या केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य एजेंसी को अग्रेषित किया जाएगा।

अध्याय-8
बंदियों का वर्गीकरण

वर्गीकरण एवं सुरक्षा मूल्यांकन समिति का गठन

29. बंदियों के वर्गीकरण और सुरक्षा मूल्यांकन के लिए, निर्धारित अधिकारियों से युक्त एक समिति का गठन किया जाएगा।

वर्गीकरण के आधार एवं प्रवर्ग

30. (1) वर्गीकरण एवं सुरक्षा मूल्यांकन समिति बंदियों को उनकी आयु, लिंग, सजा की अवधि, आपराधिक इतिहास, कारागार में आचरण, सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधी अपेक्षाओं, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं तथा सुधारात्मक आवश्यकताओं के आधार पर वर्गीकृत कर सकेगी, जैसा कि विहित किया जाए।

(2) बंदियों को निम्नलिखित व्यापक प्रवर्गों के अधीन वर्गीकृत किया जाएगा, अर्थात्:-

(क) सिविल बंदी;

(ख) आपराधिक बंदी;

(ग) दोषसिद्ध बंदी;

(घ) विचाराधीन बंदी;

(ङ) नजरबंद व्यक्ति;

(च) आदतन अपराधी;

(छ) आवर्ती अपराधी;

(ज) उच्च जोखिम वाले बंदी।

(3) उपर्युक्त विभिन्न प्रवर्गों में वर्गीकृत बंदियों को, जहाँ तक व्यावहारिक हो, अलग-अलग बैरकों या परिसरों अथवा प्रकोष्ठों में रखा जा सकेगा, ताकि आदतन या उच्च जोखिम वाले बंदियों के नकारात्मक प्रभाव तथा कट्टरपंथी विचार-प्रक्रिया से अन्य बंदियों की रक्षा की जा सके।

(4) बंदियों को लिंग के आधार पर पुरुष, महिला और उभयलिंगी के रूप में अलग-अलग रखा जाएगा।

(5) उप-धारा (2) में वर्गीकृत बंदियों को निम्नलिखित उप-प्रवर्गों के अधीन भी वर्गीकृत किया जा सकेगा, अर्थात्:-

(क) मादक पदार्थों के आदी और शराब के आदी अपराधी;

(ख) पहली बार अपराध करने वाले;

(ग) विदेशी बंदी;

(घ) वृद्ध बंदी;

(ङ) संक्रामक या दीर्घकालिक रोग अथवा अंतिम अवस्था की बीमारी से पीड़ित बंदी;

(च) मानसिक बीमारी से पीड़ित बंदी;

(छ) मृत्युदंड पाए बंदी;

(ज) नज़रबंद

(झ) बच्चों सहित महिला बंदी;

(ञ) युवा अपराधी;

(ट) राजनीतिक बंदी;

(ठ) लोक सेवक।

(6) उच्च जोखिम वाले बंदियों को उच्च सुरक्षा क्षेत्र, विशेष प्रकोष्ठों अथवा उच्च सुरक्षा वाली जेलों में रखा जाएगा।

(7) प्रभारी अधिकारी, उच्च जोखिम वाले बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सावधानी एवं सतर्कता बरतेगा, जैसा कि विहित किया जाए:

परंतु जाति, धर्म, नस्ल और जन्म-स्थान के आधार पर बंदियों के साथ कोई भेदभाव, वर्गीकरण या पृथक्करण नहीं किया जाएगा।

अध्याय-9
उच्च जोखिम वाले बंदियों, आदतन अपराधियों और कठोर अपराधियों की आपराधिक गतिविधियों से समाज की सुरक्षा

बंदियों की आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध उचित उपाय करना

31. (1) उच्च जोखिम वाले बंदियों, आदतन अपराधियों और कठोर अपराधियों की आपराधिक गतिविधियों से समाज की रक्षा के लिए सभी उचित उपाय करना विभाग का उत्तरदायित्व होगा।

(2) बंदी द्वारा किए गए अपराध के विवरण, उपलब्ध पृष्ठभूमि अभिलेख और वृत्त पत्रक के आधार पर बंदियों को उनकी प्रवृत्ति और अन्य बंदियों पर नकारात्मक प्रभाव डालने की संभाव्यता के अनुसार उचित रूप से वर्गीकृत किया जाएगा और अन्य बंदियों पर प्रभाव डालने की संभावना के अनुसार उन्हें अलग-अलग बैरकों या प्रकोष्ठों में रखा जाएगा, जैसा उचित हो।

सुरक्षा, खुफिया जानकारी एकत्र करने, निगरानी तथा ड्यूटी पर तैनात कारागार कर्मचारियों के चक्रानुक्रम संबंधी विशेष प्रावधान

32. (1) कारागार और सुधारात्मक संस्थान संगठित अपराध तथा निरंतर आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसे बंदियों पर विशेष निगरानी और पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

(2) गतिशील सुरक्षा सुनिश्चित करने, फरार होने की घटनाओं तथा जेलों में अव्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए, बंदियों से गुप्त जानकारी एकत्र करने, सावधानीपूर्वक निरीक्षण करने, बंदियों की निगरानी करने और प्रासंगिक जानकारी का विश्लेषण करने हेतु उचित प्रावधान विभाग द्वारा अपने अनुसंधान, विश्लेषण एवं गुप्त (RAI) प्रभाग के माध्यम से तथा राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के समन्वय से किए जा सकेंगे।

(3) ऐसे संवेदनशील बैरकों और प्रकोष्ठों में तैनात कारागार तथा अन्य सुरक्षा कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण किया जाएगा, ताकि सुरक्षा में किसी प्रकार के गठजोड़ और मिलीभगत को रोका जा सके।

अध्याय-10
महिला बंदी और उनके बच्चे

महिला बंदियों के लिए पृथक आवास

33. (1) सरकार महिला बंदियों को रखने के लिए, आवश्यकता के अनुसार, पर्याप्त संख्या में विशेष कारागार स्थापित करेगी। जिस कारागार में महिला और पुरुष दोनों बंदी हों, वहाँ महिला बंदियों को अलग भवन या उसी भवन के अलग हिस्से में रखा जाएगा, जिसका प्रवेश द्वार अलग हो, ताकि उनका पुरुष बंदियों से संपर्क न हो। पुरुष बंदियों के लिए उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाएँ महिला बंदियों को भी प्रदान की जाएँगी तथा उनकी लिंग-विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी।

(2) कारागार अस्पताल में महिला बंदियों के लिए पृथक महिला वार्ड बनाया जा सकेगा।

(3) विशेष महिला कारागार तथा महिला परिसर या महिला वार्ड के मामले में केवल महिला कारागार अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी के पद के लिए अपवाद किया जा सकता है। पुरुष अधिकारी और कारागार कर्मचारी ऐसे कारागार परिसर के बाहर की ड्यूटी पर तैनात किए जा सकेंगे तथा उन्हें प्रभारी अधिकारी या ड्यूटी पर अधिकारी द्वारा केवल आपात स्थिति में अंदर बुलाया जा सकेगा।

(4) महिला बंदियों को ऐसी सुधारात्मक सेवाओं और गतिविधियों तक पहुँच प्रदान की जा सकेगी, जो उनकी लिंग-विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखती हों।

गर्भवती महिला बंदी

34. जब किसी महिला बंदी के कारागार में प्रवेश के समय या उसके बाद गर्भवती होने का पता चले, तो चिकित्सा अधिकारी इसकी सूचना प्रभारी अधिकारी को देगा। उसके लिए यथा विहित चिकित्सीय देखभाल और आहार की आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

बच्चों सहित महिला बंदी

35. (1) महिला बंदी अपने बच्चों को कारागार के अंदर तब तक रख सकती हैं, जब तक बच्चा छह वर्ष की आयु के ना हो जाएँ।

(2) कारागार में अपनी माँ के साथ रहने वाले बच्चे को स्वास्थ्य देखभाल तथा अन्य निर्धारित सुविधाएँ प्रदान की जा सकेंगी, जो विहित की जाएं।

अध्याय-11
बंदियों की अभिरक्षा और सुरक्षा

बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा और सुरक्षा

36. (1) बंदियों की सुरक्षित अभिरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय करना कारागार के प्रभारी अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा।

(2) विभाग प्रमुख को ऐसी रीति में जो विहित की जाये किसी बंदी को राज्य की किसी अन्य कारागार में स्थानांतरित करने का अधिकार होगा।

(3) प्रभारी अधिकारी के अनुरोध पर स्थानीय पुलिस प्राधिकारी किसी बंदी को न्यायालय ले जाने, अस्पताल में दिखाने या अभिरक्षा पैरोल के लिए कारागार प्राधिकारियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएंगे।

(4) कारागार अधिकारी ऐसे बंदी को, जिसे आदतन या बार-बार अपराध करने वाला माना गया हो, या जिसने अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया हो अथवा भाग गया हो, या जिसने संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, मादक पदार्थ संबंधी अपराध, हथियार और गोला-बारूद का अवैध कब्जा, अथवा राज्य के विरुद्ध अपराध किया हो, यथा स्थिति, न्यायालय, चिकित्सीय उपचार हेतु अस्पताल या अन्य स्थान पर ले जाते समय हथकड़ी का उपयोग कर सकेगा।

(5) कोई भी कारागार अधिकारी किसी बंदी के विरुद्ध, ऐसी रीति में जो विहित की जाये, दंगा विरोधी उपकरण या आग्नेयास्त्र सहित आवश्यक उपकरण का उपयोग कर सकेगा, जब यह पाया जाए कि बंदी:-

(क) कारागार के बाहरी द्वार या परिसर की दीवार को बलपूर्वक तोड़ने, अकेले या सामूहिक रूप से भागने अथवा उसका प्रयास करने में शामिल है;

परन्तु वह अस्त्र का प्रयोग केवल तभी कर सकेगा जब सामूहिक रूप से भागने अथवा उसका प्रयास जारी रहता है, या

(ख) कारागार अधिकारी या कर्मचारी अथवा किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध हिंसा कर रहा है, परन्तु यह विश्वास करने का उचित आधार हो कि कारागार अधिकारी या अन्य व्यक्ति के जीवन या अंग को खतरा है अथवा उन्हें गंभीर चोट पहुँचने की संभावना है; या

(ग) भाग रहा है या भागने का प्रयास कर रहा है और कारागार अधिकारी या कर्मचारी के पास ऐसा मानने का उचित कारण है।

आगंतुकों, कारागार अधिकारियों और कर्मचारियों की तलाशी

37. (1) बंदियों से मिलने आने वाले सभी आगंतुकों की ऐसी रीति से तलाशी ली जाएगी जो विहित की जाये।

(2) यदि कोई आगंतुक तलाशी कराने से इंकार करता है, तो उसे कारागार में प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा और ऐसा निर्णय अभिलेख में दर्ज किया जाएगा।

(3) महिला, उभयलिंगी या दिव्यांग व्यक्तियों की तलाशी के लिए उचित प्रावधान ऐसे होंगे, जैसा विहित किया जाए।

(4) प्रत्येक कारागार अधिकारी और कर्मचारी की कारागार में प्रत्येक प्रवेश तथा कारागार से प्रत्येक निकास पर तलाशी ली जाएगी।

अध्याय-12
कारागारों में अनुशासन

कारागारों में अनुशासन

38. (1) प्रभारी अधिकारी को कारागार में तथा कारागार अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुशासन बनाए रखने का प्राधिकार और उत्तरदायित्व होगा।

(2) कारागारों में अनुशासन प्रवर्तित करने की रीति ऐसी होगी, जो विहित की जाये।

(3) प्रत्येक बंदी का कर्तव्य होगा कि वह कारागार अधिकारी के आदेशों और अनुदेशों का पालन करे तथा इस अधिनियम के उपबंधों का पालन करे और ऐसे अन्य निदेशों का, जो विहित किये जाएं, अनुपालन करे।

कारागार अपराध

39. (1) कारागार अपराधों को छोटे और गंभीर कारागार अपराधों में वर्गीकृत किया जाएगा।

(2) बंदियों के निम्नलिखित कृत्य छोटे कारागार अपराध होंगे, अर्थात्:-

(i) कारागार में अनुशासन बनाए रखने में सहायता करने में असफल रहना;

(ii) अन्य बंदियों के मन में अनावश्यक भय या अशांति उत्पन्न करने के उद्देश्य से कोई कार्य करना;

(iii) किसी कारागार अपराध के किए जाने की सूचना देने का लोप करना;

(iv) किसी भी प्रकार का उपताप या रिष्टि करना;

(v) लिखित या मौखिक रूप से गुप्त रूप से संदेश भेजना;

(vi) किसी अन्य बंदी को सोंपे गए भोजन में से खाना या उसका हिस्सा लेना या अपने लिए सोंपे गए हिस्से में भोजन जोड़ना, या भोजन और पेय के वितरण संबंधी आदेश की अवज्ञा करना;

(vii) कार्य के समय आलसी, लापरवाह या उपेक्षापूर्ण रहना, लगातार कार्य करने से इंकार करना, कार्य से बचना, कामचोरी करना, कार्यस्थल या बैरकों में अन्य बंदियों को परेशान करना;

(viii) किसी अन्य बंदी को आबंटित कार्य का कोई भाग करना या किसी अन्य बंदी को अपने कार्य के निष्पादन में अप्राधिकृत सहायता लेना या देना;

(ix) अपने द्वारा किए जाने वाले कार्य के किसी भाग का दूसरे बंदी को सौंपना;

(x) किसी स्थान या वस्तु को गंदा या खराब करना;

(xi) बिना अनुज्ञा नियत क्षेत्र, वार्ड, स्थान या कार्य-समूह को छोड़कर इधर-उधर घूमना या देर तक रहना;

(xii) अपने कपड़े, कंबल, बिस्तर या अन्य वस्तुओं को साफ रखने में लोप करना या इंकार करना व ऐसी वस्तुओं की व्यवस्था या निपटान के संबंध में किसी आदेश का उल्लंघन करना;

(xiii) कारागार के उद्यान में पेड़ों और सब्जियों को नुकसान पहुँचाना या कारागार के पशुओं के साथ दुर्व्यवहार करना।

(xiv) अपने लिए दिए गए कपड़ों को पहनने से लोप करना या इंकार करना, या उनके किसी हिस्से का अन्य बंदियों के कपड़ों से आदान-प्रदान करना, या उन्हें खोना, नुकसान पहुँचाना या उनका कोई भाग बदलना;

(xv) स्वयं को या अपने कपड़ों, कंबलों, बिस्तर या अन्य व्यक्तिगत वस्तुओं को साफ़ और स्वच्छतापूर्ण स्थिति में रखने में लोप करना या इंकार करना या शरीर और भौतिक वस्तुओं की सफाई, स्वच्छता को विनियमित करने वाले किसी आदेश की अवज्ञा करना;

(xvi) कपड़ों या व्यक्ति पर लगे या पहने हुए किसी विशिष्ट संख्या, चिह्न या बैज को हटाना, विकृत करना या बदलना;

(xvii) अप्राधिकृत रूप से खाना पकाना।

(3) बंदियों के निम्नलिखित कृत्य गंभीर कारागार अपराध होंगे, अर्थात्:-

(i) जानबूझकर या लापरवाही से कारागार की सुरक्षा को किसी भी प्रकार से खतरे में डालना तथा कारागार की दीवारों, भवन, सलाखों, तालों और चाबियों, लैंप या रोशनी या किसी अन्य सुरक्षा और अभिरक्षा उपाय से किसी प्रकार से छेड़छाड़ करना;

(ii) स्वयं को कोई बीमारी, चोट या निर्योग्यता पहुँचाने के आशय से कोई कार्य करना या प्रयत्न करना जिसके अंतर्गत आत्महत्या का प्रयत्न भी है।

(iii) विधि -व्यवस्था और कारागार अनुशासन बनाए रखने में बाधा उत्पन्न करना;

(iv) किसी कारागार अपराध को करने की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योजना बनाना, उकसाना या दुष्प्रेरण;

(v) व्यवहार के मानकों, नियमों और विनियमों तथा विधिमान्य अनुदेशों और आदेशों का पालन करने से इंकार, लोप करना;

(vi) कारागार अधिकारी या कारागार कर्मचारी को सहायता देने के लिए बुलाये जाने पर असफल रहना या कारागार अधिकारी या आगंतुक द्वारा पूछे गए किसी प्रश्न का जानबूझकर असत्य उत्तर देना;

(vii) कारागार अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध झूठी, दुर्भावनापूर्ण और निराधार लिखित या मौखिक शिकायतें करना;

(viii) अन्य बंदियों से झगड़ा करना और बंदियों के बीच भय का वातावरण उत्पन्न करना।

(ix) दूसरों पर हमला करना, मारपीट करना और उन्हें चोट पहुँचाना या कारागार अधिकारियों या अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक बल का प्रयोग करना;

(x) दंगा या विद्रोह में भाग लेना या किसी अन्य बंदी को ऐसा करने के लिए दुष्प्रेरित करना;

(xi) कारागार या विधिमान्य अभिरक्षा से भागना या भागने का प्रयत्न करना या कारागार अधिकारियों को भागने के प्रयत्न के बारे में रिपोर्ट करने में असफल रहना;

(xii) किसी बड़ी वस्तु या भवन से हटाई गई किसी वस्तु या सामग्री को अपने पास रखना, जिसे इस प्रकार परिवर्तित किया गया हो कि उसका उपयोग कारागार की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने, अपराध के हथियार के रूप में या कारागार से भागने में सहायता करने के साधन के रूप में किया जा सके;

(xiii) प्रतिबंधित या प्रतिषिद्ध वस्तुओं को रखना, छिपाना, तस्करी करना, तस्करी का प्रयत्न करना, प्राप्त करना, देना या लेना तथा उनका आदान-प्रदान करना;

(xiv) प्रतिबंधित या प्रतिषिद्ध वस्तुओं के संबंध में कारागार अधिकारियों को सूचना देने में असफल रहना;

(xv) किसी सरकारी संपत्ति या अन्य बंदी की वस्तुओं और संपत्ति की चोरी करना, नुकसान पहुँचाना, नष्ट करना, विकृत करना या उनका दुरुपयोग करना;

(xvi) किसी ऐसे नुकसान, टूट-फूट या चोट की तुरंत रिपोर्ट करने में असफल रहना, जो बंदी द्वारा कारागार की संपत्ति या उपकरण को दुर्घटनावश हुए हैं;

(xvii) कारागार के पहचान-पत्रों, अभिलेखों या दस्तावेजों से छेड़छाड़ करना या उन्हें विकृत करना;

(xviii) छुट्टी और आपातकालीन निर्मोचन की शर्तों का भंग करना;

(xix) भोजन करने से इंकार करना या भूख हड़ताल करना;

(xx) जानबूझकर या लापरवाही से भोजन को नष्ट करना या खराब करना या बिना आदेश के उसे फेंक देना;

(xxi) भोजन या पेय में ऐसी कोई वस्तु मिलाना जिससे वह मानव उपभोग के लिए अरुचिकर, अस्वास्थ्यकर या खतरनाक हो जाए।

(xxii) भोजन के माप-तौल में छेड़छाड़ करना;

(xxiii) कैंटीन के व्यवस्थित संचालन और कैंटीन की वस्तुओं के आदान-प्रदान के लिए बनाए गए नियमों और विनियमों का उल्लंघन करना;

(xxiv) कारागार अधिकारियों की जानकारी या अनुज्ञा के बिना किसी वस्तु का निर्माण करना या निर्माण के दौरान उसमें मिलावट करना;

(xxv) कार्य के लिए जारी सामग्री में किसी बाहरी पदार्थ को मिलाना या जोड़ना;

(xxvi) जानबूझकर श्रम करने में असमर्थ बनना;

(xxvii) किसी बंदी को किसी अन्य धर्म में परिवर्तित करना या परिवर्तित करने का प्रयत्न करना;

(xxviii) जानबूझकर दूसरों की धार्मिक भावनाओं, विश्वासों, प्रथाओं और आस्थाओं को ठेस पहुँचाना;

(xxix) जाति या धार्मिक पूर्वाग्रहों के आधार पर आंदोलन करना या कार्य करना;

(xxx) किसी बाहरी व्यक्ति, विचाराधीन बंदी, निरुद्ध व्यक्ति, सिविल बंदी या अनुमोदित व्यक्ति से बिना अनुज्ञा के लिखित रूप से या मौखिक रूप से या संकेतों द्वारा कोई संचार करना;

(xxxi) जुआ और सट्टेबाजी जैसे अप्राधिकृत कार्यकलापों में भाग लेना या उनका आयोजन करना;

(xxxii) अशिष्ट, अपमानजनक, उद्दंड, धमकीपूर्ण या अनुचित भाषा का प्रयोग करना; अनादर या अशिष्ट कृत्य या अभद्र कृत्य या हाव-भाव करना;

(xxxiii) किसी भागने के प्रयत्न या दबाई गई हिंसा, हमला, दंगा, विद्रोह, आक्रमण, गंभीर व्यक्तिगत हिंसा या किसी अन्य आपात स्थिति के मामले में सहायता करने में असफल रहना या किसी अन्य व्यक्ति को सहायता करने से रोकना;

(xxxiv) किसी आगजनी, भागने का षड्यंत्र या अभिसंधि, भागने का प्रयत्न या उसकी तैयारी तथा किसी कारागार अधिकारी या बंदी पर हमले या हमले की तैयारी की घटना की जानकारी मिलते ही, उसकी रिपोर्ट करने में लोप करना या इंकार करना।

(xxxv) कारागार परिसर के भीतर या बाहर किसी अप्राधिकृत वित्तीय संव्यवहार में सम्मलित होना या उसकी सहायता करना;

(xxxvi) कारागार परिसर में या अभिरक्षा के दौरान चल या अचल किसी सरकारी संपत्ति की चोरी करना, नुकसान पहुँचाना, नष्ट करना, विकृत करना, दुरुपयोग करना या उसे निष्क्रिय करना;

(xxxvii) किसी कारागार अधिकारी या कर्मचारी की चल या अचल किसी सरकारी संपत्ति या वस्तु की चोरी करना, नुकसान पहुँचाना, नष्ट करना, विकृत करना, दुरुपयोग करना या उसे निष्क्रिय करना, यदि यह किसी अन्य बंदी के साथ मिलकर कारागार के अंदर अव्यवस्था या अशांति उत्पन्न करने या कारागार से भागने के आशय से किया गया हो; और

(xxxviii) यदि कोई छोटा अपराध दो से अधिक बार किया जाता है।

कारागार अपराधों के लिए दंड

40. (1) प्रभारी अधिकारी ऐसी रीति में जो विहित की जाये, जाँच करने के पश्चात कारागार अपराधों के संबंध में कोई दंड अधिरोपित कर सकेगा और उसे बंदी के वृत्त पत्रक में अभिलिखित करेगा। इसके अतिरिक्त, ऐसे मामलों में जो भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अधीन या कोई अन्य विशेष और/या स्थानीय विधि के अधीन अपराध हों, प्रभारी अधिकारी विधिक कार्रवाई आरंभ करेगा।

(2) निम्नलिखित दंड छोटे दंड माने जाएंगे, अर्थात्:-

(i) औपचारिक चेतावनी, जिससे बंदी को व्यक्तिगत रूप से दी गई चेतावनी अभिप्रेत है;

(ii) पंद्रह दिन से अनधिक की अर्जित छूट की जब्ती;

(iii) एक कैलेंडर मास में अधिकतम तीन दिन तक मजदूरी से अर्जित आय की जब्ती;

(iv) पंद्रह दिन तक प्रतिदिन एक घंटे से अनधिक की अवधि के लिए ड्रिल या कार्य का दंड, बंदी की शारीरिक योग्यता के अधीन होगा, जैसा कि चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाए;

(v) निरोध में बंदी को दिए गए विशेषाधिकारों की अधिकतम नब्बे दिन की अवधि के लिए हानि।

(vi) श्रम के रूप को पंद्रह दिन के लिए गंभीर रूप में परिवर्तित करना;

(vii) प्रभारी अधिकारी द्वारा आवश्यक समझी गई ऐसी अवधि के लिए आवास को किसी अन्य बैरक, कोठरी या किसी अन्य कारागार आवास में आवास परिवर्तन;

(viii) साठ दिन तक की अवधि के लिए पृथक कारावास;

(ix) विभागाध्यक्ष के अनुमोदन से अन्य कारागारों में अंतरण; और

(x) दो या अधिक छोटे दंडों का संयोजन।

(3) निम्नलिखित दंडों को प्रमुख दंड माना जाएगा, अर्थात्:-

(i) पंद्रह दिन से अधिक की अवधि के लिए अर्जित छूट की जब्ती;

(ii) किसी कैलेंडर मास में तीन दिन से अधिक और सात दिन तक की मजदूरी से अर्जित आय की जब्ती;

(iii) नब्बे दिन से अधिक किंतु एक सौ आठ दिन से अनधिक के लिए विशेषाधिकारों की जब्ती;

(iv) साठ दिन से अधिक किंतु नब्बे दिन तक की अवधि के लिए पृथक कारावास;

(v) तीस दिन तक की अवधि के लिए कोठरी कारावास;

(vi) एक वर्ष तक पैरोल सुविधा का अपवर्जन करना;

(vii) एक सौ अस्सी दिन की अवधि के लिए छूट प्रणाली से अपवर्जन; और

(viii) प्रमुख और लघु दंडों का कोई संयोजन।

(4) प्रभारी अधिकारी केवल न्यायिक मूल्यांकन के पश्चात प्रमुख दंड दे सकेगा। प्रभारी अधिकारी के अधीनस्थ किसी अधिकारी को प्रमुख दंड देने का अधिकार नहीं होगा।

(5) धारा 42 से 48 में विनिर्दिष्ट दंडों के होते हुए भी, प्रभारी अधिकारी कारागार में अनुशासन बनाए रखने के लिए उक्त धाराओं के अधीन किए गए अपराधों के लिए बंदी को इस धारा में विनिर्दिष्ट कोई भी दंड दे सकेगा।

स्पष्टीकरण.- कोठरी कारावास से ऐसा कारावास अभिप्रेत है जिसमें बंदी को कोठरी में ऐसी रीति में बंद रखना कि उसे आधे दिन की तालाबंदी की अवधि के दौरान पृथक-पृथक कोठरियों में बंद अन्य बंदियों के साथ संवाद और संपर्क, जिसके अंतर्गत भोजन साझा करना और अन्य पारस्परिक क्रिया भी है, करना अनुजात हो।

सज़ा देने की प्रक्रिया

41. कारागार अपराध के लिए दंड देने की प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी निर्धारित की जाए।

वायर्ड या वायरलेस कम्युनिकेशन डिवाइस या उसके पुर्ज़ों को रखने या इस्तेमाल करने की सज़ा

42. (1) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, जो कोई बंदी, आगंतुक, कारागार अधिकारी या कारागार कर्मचारी, इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के किसी उपबंध के उल्लंघन में, किसी तारयुक्त या बेतार संचार उपकरण या उसके घटकों जैसे सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड, बैटरी, चार्जर, हेडफोन या डोंगल अथवा ऐसे उपकरण के किसी अन्य घटक को रखने, चलाने या उपयोग करने का दोषी पाया जाता है, अथवा कोई बंदी या अन्य व्यक्ति उसकी आपूर्ति में सहायता, उकसावा या प्रेरणा देता है, उसे प्रथम दोषसिद्धि पर किसी भी प्रकार के कारावास से ऐसी अवधि के लिए दंडित किया जाएगा जो एक वर्ष से कम नहीं होगी, परंतु तीन वर्ष तक हो सकती है, और वह एक लाख रुपये तक के जुर्माने का भी दायी होगा; तथा दूसरी या बाद की दोषसिद्धि पर किसी भी प्रकार के कारावास से ऐसी अवधि के लिए दंडित किया जाएगा जो तीन वर्ष से कम नहीं होगी, परंतु पांच वर्ष तक हो सकती है, और वह पांच लाख रुपये तक के जुर्माने का भी दायी होगा।

